दिनांक 24.01.2018

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

राशनकार्ड दुकानों का 30 व 31 जनवरी 2018 को होगा सोसल ऑडिट।

भिलाईनगर/ छ.ग.शासन खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति रायपुर व कलेक्टर खाद्य शाखा के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम भिलाई के सभी 145 राशन दुकानों के अभिलेखों का सामाजिक संपरीक्षा (सोसल ऑडिट) दिनांक 30 व 31 जनवरी 2018 को नगर निगम के जॉच दल द्वारा दुकानों में पहुंचकर किया जावेगा। साथ ही जॉच दल के सदस्य उज्जवला योजना के पात्र हितग्राहियों को जिन्हें गैस कनेक्शन शासन द्वारा प्राप्त किया गया है, उसकी जानकारी भी चौपाल लगाकर वार्डों में बतायेंगे। दुकानों के सोसल ऑडिट के तहत सभी अभिलेखों का जॉच कर चेक लिस्ट से मिलान किया जावेगा। जॉच में राशनकार्डों के संख्या, आबंटन के विरूद्ध भण्डारन की मात्रा, माह में वितरित मात्रा, वितरण उपरांत शेष मात्रा के साथ–साथ 06 माह के चावल उत्सव आयोजन की कार्यवाही पंजी इत्यादि सभी कार्यों का परीक्षण जॉच दल करेंगे। इस हेतु जोन कार्यालय के सहायक राजस्व अधिकारियों को नोडल अधिकारी एवं वार्ड मोहर्रिर/वार्ड वसूली कर्मचारियों को जॉच दल में सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। जॉच दल का आवश्यक प्रशिक्षण दिनांक 29 जनवरी 2018 को सायं 03:00 बजे निगम मुख्यालय में आयोजित है। जॉच दल के सदस्यों को खाद्य विभाग के खाद्य निरीक्षक श्रीमती दीपा वर्मा व सहायक खाद्य अधिकारी श्री आर.एस. कोमरा प्रशिक्षण देगें। उक्त आशय की जानकारी सहायक नोडल अधिकारी श्री चन्द्रपाल हरमुख, खाद्य निगम मुख्यालय ने दी।

जन सम्पर्क विभाग